आज का मौसम

अधिकतम 36° C
न्यूनतम 29° C
सूर्य अस्त (आज) 7:15
सूर्य उदय (कल) 5:39

दैनिक समाचार पत्र

जीत सच्ची खबर की

# जीत समाचार

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 309 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

सोमवार
27 जुलाई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

**अनमोल वचन**

"सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति देर से ही सही, लेकिन सफलता और सम्मान अवश्य प्राप्त करता है।"

## संक्षिप्त न्यूज़

### एनडीए के नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों के लिए 'प्रारंभ' कार्यक्रम आयोजित, भूपेंद्र यादव ने संसदीय समितियों की भूमिका बताई



नई दिल्ली। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को संसद भवन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों के लिए आयोजित 'प्रारंभ' कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभागों से संबंधित संसदीय स्थायी समितियों की भूमिका और महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि संसदीय स्थायी समितियां विधायी प्रक्रिया को प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

भूपेंद्र यादव ने सभी नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे सार्थक चर्चा, रचनात्मक विचार-विमर्श और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी के माध्यम से संसदीय लोकतंत्र और विधायी प्रक्रियाओं को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### मध्य महाराष्ट्र और ओडिशा में मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट, कई राज्यों में भारी वर्षा की चेतावनी

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मध्य महाराष्ट्र और ओडिशा में अत्यधिक भारी वर्षा को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों के दौरान छत्तीसगढ़, गुजरात, कोंकण और गोवा में भी मूसलाधार बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि आज तटीय आंध्र प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल के गंगेय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश में भी भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, उत्तराखंड, पश्चिमी राजस्थान और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी भारी वर्षा का अनुमान है।

आईएमडी के अनुसार, मंगलवार तक बिहार, तटीय कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, केरल, माहे, ओडिशा, दक्षिणी भीतरी कर्नाटक और तेलंगाना में गरज-चमक, बिजली गिरने तथा तेज हवाओं के साथ बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है।

# प्रह्लाद जोशी ने संभाला शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार, बोले- प्रधानमंत्री मोदी ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया

**संवाद न्यूज एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार संभालने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर पूरा भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय की कार्यप्रणाली को समझने के लिए उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही अधिकारियों के साथ लंबी समीक्षा बैठकें कीं।

पत्रकारों से बातचीत में जोशी ने कहा कि वे कर्नाटक से शनिवार रात दिल्ली पहुंचे और रविवार सुबह पदभार संभालने के बाद सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगातार बैठकों में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय उनके लिए नया विषय है, इसलिए पहले इसकी सभी प्रक्रियाओं और योजनाओं को गहराई से समझेंगे, उसके बाद विस्तार से जानकारी साझा करेंगे।




इससे पहले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रह्लाद जोशी ने लिखा कि उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में पदभार संभाल लिया है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इसे पूरी विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे।

**रविवार को 5 घंटे तक चली मैराथन बैठकें, मंत्रालय को समझने के बाद विस्तृत जानकारी देने की कही बात**

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री की सलाह पर धर्मेंद्र प्रधान का केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 75(2) के तहत तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। साथ ही प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे शिक्षा मंत्रालय के साथ-साथ अपने मौजूदा खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्रालय की जिम्मेदारियां भी संभालते रहेंगे।

# परीक्षा सुधारों के लिए हाई-पावर्ड टास्क फोर्स का गठन, नंदन नीलेकणि करेंगे नेतृत्व: प्रधानमंत्री मोदी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में एक हाई-पावर्ड टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा कि यह टास्क फोर्स परीक्षा सुधारों पर काम करेगी और इसकी सिफारिशों के आधार पर परीक्षाओं की विश्वसनीयता और पारदर्शिता को और मजबूत किया जाएगा।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित किए गए हैं और संसद में कठोर कानूनी प्रावधानों वाला नया कानून लाने की दिशा में भी सरकार आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा प्रणाली को अधिक भरोसेमंद, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से दुनिया के जाने-माने टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड टास्क फोर्स गठित की गई है।

प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि टास्क फोर्स की रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही ऐसे सुधार लागू किए जाएंगे, जिससे देश की प्रतियोगी और अन्य महत्वपूर्ण परीक्षाओं की विश्वसनीयता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

# कारगिल विजय दिवस वीर जवानों के अद्भुत साहस का प्रतीक : प्रधानमंत्री मोदी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की 136वीं कड़ी में कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर शहीदों और सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 26 जुलाई ऐसा दिन है जिसे याद रखने के लिए कैलेंडर देखने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि यह दिन देश के वीर जवानों के अद्भुत साहस, शौर्य और बलिदान की याद दिलाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कारगिल की दुर्गम चोटियां, कठिन मौसम और दुश्मन की चुनौतियां भारतीय सैनिकों के सामने थीं, लेकिन उनका हौसला हर मुश्किल से बड़ा था। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। पीएम मोदी ने सभी वीर शहीदों और सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

उन्होंने कहा कि आज का भारत अपने वीरों को केवल याद ही नहीं करता, बल्कि उनकी वीरगाथाओं को नई पीढ़ी तक भी पहुंचा रहा है। इसी उद्देश्य से 14 जुलाई को दिल्ली स्थित नेशनल वहर मेमोरियल से शुरू हुई शौर्य विजय यात्राश द्रास स्थित कारगिल वहर मेमोरियल तक पहुंच रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने सैनिकों के साहस के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी लगातार मजबूत कर रहा है। उन्होंने हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस महेंद्रगिरि, डीआरडीओ द्वारा पिनाका लॉन्ग-रेंज गाइडेड रॉकेट और कुशा मिसाइल के सफल परीक्षण का उल्लेख करते हुए इसे देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की बड़ी उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि रक्षा उत्पादन, रक्षा निर्यात और मित्र देशों के साथ रणनीतिक सहयोग के क्षेत्र में भारत लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री ने इंडोनेशिया के साथ ब्रह्मोस और अस्त्र मिसाइल से जुड़े समझौतों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया का भरोसा भारत की रक्षा तकनीक और स्वदेशी सैन्य उपकरणों पर लगातार बढ़ रहा है।

अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सभी अमर शहीदों को नमन करें और एक सुरक्षित, सक्षम तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प और मजबूत करें।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतने पर ऋषिकांत सिंह चानमबम को पीएम मोदी ने दी बधाई



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतने वाले भारतीय भारोत्तोलक ऋषिकांत सिंह चानमबम को हार्दिक बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया।
सोशल मीडिया मंच पर साझा किए गए अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऋषिकांत सिंह चानमबम के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन ने पूरे देश को अपार खुशी और गर्व का अनुभव कराया है।
प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि भारतीय खिलाड़ी भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करते रहेंगे।

## फ्रांस में जंगल की आग बेकाबू, 2.2 लाख से अधिक लोग घर छोड़ने को मजबूर



पेरिस(एजेंसी)। दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में भीषण जंगल की आग लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। आग की तेजी से बढ़ती लपटों के बीच रातभर में 55 हजार और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, जिसके बाद अब तक 2 लाख 20 हजार से अधिक लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं।
प्रशासन के अनुसार, आग अब विश्व प्रसिद्ध वाइन उत्पादक शहर बॉरदों के करीब पहुंच गई है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में भी खतरा बढ़ गया है। आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मी लगातार अभियान चला रहे हैं, जबकि प्रभावित इलाकों से लोगों की सुरक्षित निकासी जारी है।
उधर, पड़ोसी देश स्पेन भी जंगल की आग की चपेट में है। पूर्वी तटीय क्षेत्रों में आग फैलने के कारण प्रशासन ने कई इलाकों से लोगों को एहतियातन सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।
यूरोप के कई हिस्सों में जारी भीषण गर्मी और शुष्क मौसम के कारण जंगल की आग तेजी से फैल रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने के साथ-साथ पर्यावरण और संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।

# पाकिस्तान से बातचीत केवल पीओके पर होगी, आतंकवाद का मिलेगा करारा जवाब- राजनाथ सिंह

संवाद न्यूज एजेंसी



लद्दाख। 27वें करगिल विजय दिवस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यदि कोई वार्ता होगी तो वह केवल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) के मुद्दे पर ही होगी। इसके अलावा किसी अन्य विषय पर बातचीत नहीं की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि पीओके भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है।
रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की संप्रभुता के खिलाफ होने वाले हर दुस्साहस का उसी दृढ़ता और साहस से जवाब दिया जाएगा, जैसा भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को दिया था। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता ने साबित कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे का जवाब पाकिस्तान की कल्पना से कहीं अधिक प्रभावी और कठोर तरीके से देने में सक्षम है।
राजनाथ सिंह ने कहा कि एक ओर भारत नवाचार, चिप डिजाइन, सेमीकंडक्टर निर्माण और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं पाकिस्तान घुसपैठ, आतंकवादी गतिविधियों और आत्मघाती हमलावरों को तैयार करने जैसी साजिशों में लगा हुआ है।
करगिल विजय दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री ने वर्ष 1999 के करगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके शौर्य, साहस तथा राष्ट्रभक्ति को नमन किया।

## चीन में तूफान 'नोल' का कहर, गांसु प्रांत में बाढ़ से 10 लोगों की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी



बीजिंग। चीन में शक्तिशाली तूफान 'नोल' के रविवार सुबह ग्वांगडोंग प्रांत में दस्तक देने के बाद व्यापक तबाही देखने को मिली। तूफान के प्रभाव से गांसु प्रांत में अचानक आई बाढ़ में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई क्षेत्रों में भारी बारिश और तेज हवाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।
मौसम अधिकारियों के अनुसार, तूफान के दौरान 162 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और दक्षिणी चीन के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश दर्ज की गई। खराब मौसम के चलते ग्वांगडोंग में हवाई उड़ानों और हाई-स्पीड रेल सेवाओं को एहतियातन रद्द कर दिया गया है।
स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चीनी अधिकारियों ने चौथे स्तर की आपदा राहत व्यवस्था सक्रिय कर दी है। राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करने के लिए चीन सरकार ने 10 करोड़ युआन की आपात सहायता राशि भी जारी की है।
प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव अभियान चला रहा है और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की अपील की गई है।

# अनाहत सिंह ने रचा इतिहास, बनीं जूनियर विश्व स्क्वाश चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय

संवाद न्यूज एजेंसी



नई दिल्ली। भारत की युवा स्क्वाश स्टार अनाहत सिंह ने इतिहास रचते हुए वर्ल्ड स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप-2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में उन्होंने मिस्र की रुकैया सलेम को लगातार तीन गेमों में 11–3, 11–7 और 11–9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।
इस ऐतिहासिक जीत के साथ अनाहत सिंह जूनियर विश्व स्क्वाश चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में मिस्र के खिलाड़ियों के 16 वर्षों से चले आ रहे वर्चस्व का भी अंत कर दिया।
अनाहत का पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। उन्होंने बिना एक भी गेम गंवाए खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा और शानदार फॉर्म का परिचय दिया।
अब अनाहत सिंह की नजर लॉस एंजेलिस ओलंपिक-2028 पर है, जहां पहली बार स्क्वाश को ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाएगा। वहीं, पुरुष वर्ग में भारत के आर्यवीर देवान ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए अंतिम-16 तक का सफर तय किया और देश के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी रहे।

## कारगिल की लड़ाई- भारतीय वीरता, साहस और बलिदान की अमर गाथा

कारगिल युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जिसने दुनिया को भारतीय सेना के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति का परिचय कराया। वर्ष 1999 में जम्मू-कश्मीर के कारगिल, द्रास, बटालिक और टोलोलिंग की दुर्गम पहाड़ियों पर लड़ा गया यह युद्ध भारत की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए लड़ा गया था। इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अद्वितीय पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की।

**युद्ध की पृष्ठभूमि :** 1999 की शुरुआत में पाकिस्तान के सैनिकों और घुसपैठियों ने नियंत्रण रेखा (स्वव) पार कर भारतीय क्षेत्र की ऊँची चोटियों पर गुप्त रूप से कब्जा कर लिया। उनका उद्देश्य श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित करना और रणनीतिक बढ़त हासिल करना था। भारतीय सेना ने स्थिति का आकलन करने के बाद इन घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया। वहीं भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सफेद सागर' के तहत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**दुर्गम परिस्थितियों में अद्भुत शौर्य :** कारगिल युद्ध दुनिया के सबसे कठिन पर्वतीय युद्धों में से एक माना जाता है। भारतीय सैनिकों को 16,000 से 18,000 फीट की ऊँचाई, बर्फीली हवाओं, दुर्गम चट्टानों और दुश्मन की ऊँची स्थिति जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने असाधारण साहस दिखाते हुए एक-एक चोटी पर तिरंगा फहराया।

**वीर सपूतों का अमर बलिदान :** इस युद्ध में अनेक भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर मातृभूमि की रक्षा की। कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडेय, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव, राइफलमैन संजय कुमार सहित कई वीरों ने अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन किया। इन वीर सैनिकों के बलिदान ने उन्हें भारतीय इतिहास में अमर बना दिया।

**भारत की ऐतिहासिक विजय :** लगभग दो महीने तक चले भीषण संघर्ष के बाद 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने सभी महत्वपूर्ण चोटियों पर पुनः कब्जा कर लिया। इस विजय के साथ पाकिस्तान की साजिश विफल हो गई और भारत ने अपनी सैन्य क्षमता तथा दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय पूरी दुनिया को दिया। इसी ऐतिहासिक जीत की स्मृति में हर वर्ष 26 जुलाई को श्कारगिल विजय दिवसश मनाया जाता है।

**कारगिल युद्ध से मिली सीख :** कारगिल युद्ध ने भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाओं की सतर्क निगरानी, आधुनिक सैन्य तकनीक और खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने की आवश्यकता का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इसके बाद भारतीय सेना की तैयारियों और रक्षा व्यवस्था में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए।

**निष्कर्ष :** कारगिल की लड़ाई केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, अनुशासन, देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। कारगिल के वीरों ने यह सिद्ध कर दिया कि जब बात मातृभूमि की रक्षा की हो, तो भारतीय सैनिक किसी भी चुनौती के सामने झुकते नहीं। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और देश सेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,
वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा।'

कमल पवार

## मां की आखिरी पुकार

गांव के उस छोटे से घर में आज भी एक पुरानी चारपाई पड़ी थी। उस चारपाई पर बैठकर कभी मां अपने बेटे अर्जुन का इंतजार किया करती थी। हर शाम सूरज ढलने के बाद उसकी नजरें उसी रास्ते पर टिक जाती थीं, जहां से उसका बेटा बचपन में स्कूल से लौटता था।

अर्जुन मां-बाप का इकलौता बेटा था। पिता ने मजदूरी करके उसे पढ़ाया और मां ने अपने हिस्से की खुशियां छोड़कर उसके सपने पूरे किए। जब अर्जुन बड़ा हुआ तो उसने सेना में जाने का फैसला किया।

मां ने सुना तो उसकी आंखों में आंसू आ गए।

'बेटा, देश की सेवा करना गर्व की बात है, लेकिन मां का दिल भी तो है... डरता है।'

अर्जुन ने मां का हाथ पकड़कर कहा, मां, जब मैं सीमा पर खड़ा रहूंगा तो समझूंगा कि आपके आशीर्वाद की ढाल मेरे साथ है।

मां मुस्कुरा दी, लेकिन उसके दिल में एक अनजाना डर बैठ गया था।

कुछ महीनों बाद अर्जुन की तैनाती बर्फीली पहाड़ियों पर हो गई। वहां से वह हर रविवार मां को फोन करता था।

'मां, खाना खा लिया?'

मां हमेशा कहती,हां बेटा, तू बता तूने खाना खाया या नहीं?

लेकिन मां जानती थी कि उसका बेटा कई बार ठंड में भूखा रहकर भी देश की रक्षा करता होगा।

एक दिन सुबह सेना के कुछ जवान अर्जुन के घर पहुंचे। उनके चेहरे देखकर मां का दिल कांप उठा।

वह दौड़कर बाहर आई और बोली, मेरा बेटा ठीक तो है ना?

जवानों की आंखें नम थीं।

उन्होंने धीरे से कहा, मां... आपका बेटा देश के लिए शहीद हो गया।

यह सुनते ही मां की चीख पूरे गांव में गूंज उठी।

नहीं... मेरा बेटा मुझे छोड़कर नहीं जा सकता। उसने तो कहा था कि वह वापस आएगा...

मां अर्जुन की तस्वीर को सीने से लगाकर रोती रही। उसकी सिसकियां सुनकर पत्थर दिल इंसान की आंखें भी नम हो गईं।

कुछ दिनों बाद मां को अर्जुन की आखिरी चिट्ठी मिली।

उसमें लिखा था - मां, अगर मैं वापस न आ पाऊं तो रोना मत। मुझे पता है तुम्हारी आंखों से निकला हर आंसू मेरे दिल तक पहुंचेगा। बस इतना करना कि जब कोई पूछे कि तुम्हारा बेटा क्या करता था, तो गर्व से कहना - मेरा बेटा भारत मां की रक्षा करता था।

चिट्ठी पढ़ते-पढ़ते मां की आंखों से आंसू गिरते रहे।

उसने आसमान की तरफ देखा और कहा -बेटा, तू चला गया... लेकिन आज भी हर तिरंगे में मुझे तू दिखाई देता है।

साल बीत गए, लेकिन मां आज भी दरवाजे पर बैठकर रास्ता देखती है।

शायद मां का दिल यह मानने को तैयार ही नहीं कि उसका बेटा अब कभी वापस नहीं आएगा।

क्योंकि मां का प्यार ऐसा होता है...
जहां मौत भी हार जाती है और इंतजार हमेशा जिंदा रहता है।
-एक मां की सिसकी, एक सैनिक की अमर कहानी।

अभिषेक न्यूज एडिटर जीत समाचार

## महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर (भारत)

### 1. आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (पुलिस, फायर, और एंबुलेंस)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 112 | आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (पुलिस, फायर, और एंबुलेंस) | 104 | स्वास्थ्य हेल्पलाइन (Health Helpline/Medical Advice) |
| | | 1915 | पर्यटन हेल्पलाइन (Tourist Helpline) |
| 100 | पुलिस (Police) | 1930 | साइबर अपराध (Cyber Crime) |
| | | 139 | रेलवे पूछताछ / सुरक्षा (Railway Enquiry / Security) |
| 101 | फायर ब्रिगेड (Fire Brigade) | 1363 | पर्यटन हेल्पलाइन (Tourist Helpline) |
| 102 / 108 | एम्बुलेंस सेवा (Ambulance) | 1033 | सड़क दुर्घटना या राष्ट्रीय राजमार्ग आपातकाल (Road Accident / National Highway Emergency) |
| 1091 | महिला हेल्पलाइन (Women Helpline) | 14567 | बुजुर्ग हेल्पलाइन (Elder Line) |
| | | 1551 | किसान कॉल सेंटर (Kisan Call Center) |
| 1098 | चाइल्ड हेल्पलाइन (Child Helpline) | 1906 | गैस सिलेंडर (LPG) रिसाव या आपातकाल (LPG Gas Leak / Emergency) |

### 2. राज्य / बिजली बोर्ड हेल्पलाइन नंबर (टोल-फ्री)

| राज्य | हेल्पलाइन नंबर (टोल-फ्री) | वैकल्पिक संपर्क नंबर / वैबसाइट |
|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश (HPSEBL) | 1912 | 1800-180-8060 \| www.hpseb.in |
| उत्तर प्रदेश (UPPCL / अन्य) | 1912 | 1800-180-8752 \| www.uppcl.org |
| दिल्ली (BSES/TPDDL) | 1912 | वेबसाइट के माध्यम से चैटबॉट सपोर्ट www.bsesdelhi.com / www.tatapower-ddl.com |
| पंजाब (PSPCL) | 1912 | 1800-180-1512 \| www.pspcl.in |
| हरियाणा (DHBVN/UHBVN) | 1912 | 1800-180-1833 \| www.dhbvn.org.in / www.uhbvn.com |
| मध्य प्रदेश (MPPKVVCL) | 1912 | 1800-233-1266, WhatsApp: 9425807257 www.mpez.co.in |
| उत्तराखंड (UPCL) | 1912 | 1800-419-0405 \| www.upcl.org |

### 3. राज्यवार जल हेल्पलाइन नंबर

| राज्य / विभाग | हेल्पलाइन नंबर | विवरण / वेबसाइट |
|---|---|---|
| केंद्रीय / राष्ट्रीय | 1800-121-2164 | जल जीवन मिशन का टोल-फ्री नंबर \| www.jaljeevanmission.gov.in |
| हिमाचल प्रदेश (स्थानीय) | 1800-180-8009, 1100 | जल शक्ति विभाग (SNK), शिकायत निवारण केंद्र |
| दिल्ली | 1916 | दिल्ली जल बोर्ड (24x7) \| www.delhijalboard.nic.in |
| उत्तर प्रदेश | 1076 | सीएम हेल्पलाइन (CM Helpline) \| www.up.gov.in |
| बिहार | 1800-123-1121 | पीएचईडी (PHED) पेयजल शिकायत \| www.prdbihar.gov.in |
| राजस्थान | 1800-180-6088 | जलदाय विभाग (PHED) \| www.jalday.rajasthan.gov.in |
| मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (सभी राज्य) | 181 या 1902 | सभी राज्यों की शिकायत और जानकारी के लिए |

### 4. राज्यवार परिवहन (बस) हेल्पलाइन नंबर

| राज्य / निगम | हेल्पलाइन नंबर | विवरण / उपयोग |
|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश (HRTC) | 1100, 1800 180 8185 | 24/7 हेल्पलाइन, पूछताछ और शिकायत निवारण |
| दिल्ली (DTC) | 011-22968836 | आईएसबीटी (ISBT) पूछताछ |
| उत्तर प्रदेश (UPSRTC) | 149, 1800 1800 151 | 24/7 टोल-फ्री सुविधा |
| राजस्थान (RSRTC) | 181 | मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता |
| चंडीगढ़ (CTU) | 1800 274 7400 | टोल फ्री नंबर |

इन हेल्पलाइन नंबरों को सेव करें और जरूरत पड़ने पर उपयोग करें। यह आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# एक घंटे में मंजूर हुआ लोन, रविंद्र सिंह के लिए वरदान बनी अंत्योदय योजना

नारनौल। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले ने धरसू गांव निवासी रविंद्र सिंह के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। मेले में पहुंचने के बाद उन्हें सरकारी योजना के तहत स्वरोजगार के लिए सहायता मिली और महज एक घंटे में उनका लोन मंजूर हो गया।

रविंद्र सिंह ने बताया कि अंत्योदय मेले के माध्यम से उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने और परिवार को बेहतर भविष्य देने का अवसर मिला है। उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



# मन की बात में कारगिल विजय दिवस और जल संरक्षण पर पीएम मोदी के संदेश की अनिल विज ने की सराहना

जीत समाचार ब्यूरों

हरियाणा। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को साथियों के साथ सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर महीने देशवासियों से संवाद करते हैं और देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही उपलब्धियों, नवाचारों और जनभागीदारी के प्रयासों का उल्लेख करते हैं।

अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज के कार्यक्रम में सबसे पहले कारगिल विजय दिवस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध भारत के वीर सैनिकों के साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। पाकिस्तान ने छिपकर हमला करने का प्रयास किया था, लेकिन भारतीय जवानों ने अदम्य साहस दिखाते हुए दुश्मन के मंसूबों को नाकाम कर दिया।

उन्होंने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का बलिदान देश हमेशा याद रखेगा और उनकी वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।





ऊर्जा मंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा हर्बल टी को बढ़ावा देने के संदेश का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चाय भारतीय जीवनशैली का हिस्सा है, लेकिन हर्बल टी स्वास्थ्य के लिए कई लाभकारी प्रभाव रखती है और लोगों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर भी महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बारिश का काफी पानी बहकर व्यर्थ चला जाता है, जिससे भूजल स्तर लगातार प्रभावित हो रहा है। यदि वर्षा जल को संरक्षित कर जमीन में पहुंचाया जाए तो जलस्तर को बेहतर बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का ''एक भी बूंद पानी व्यर्थ न जाए'' का आह्वान हर नागरिक के लिए प्रेरणादायक है। जल संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों को सकारात्मक कार्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों और राष्ट्र निर्माण से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उझाना दौरे की तैयारियों का एसपी व अधिकारियों ने लिया जायजा

जीत समाचार

जींद। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के 27 जुलाई को प्रस्तावित उझाना दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान और एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र ने रविवार को उझाना गांव पहुंचकर कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड और श्री श्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ जी मंदिर का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने उझाना स्टेडियम में बनाए जा रहे सभा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए यातायात, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए।



सभा स्थल पर वीवीआईपी स्टेज, वीआईपी स्टेज, प्रेस गैलरी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मंच और महिला-पुरुषों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा वीवीआईपी, आमजन और अधिकारियों के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकासी मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

इसके बाद अधिकारियों ने कम्युनिटी सेंटर पहुंचकर मुख्यमंत्री के आगमन के लिए तैयार किए जा रहे हेलीपैड का निरीक्षण किया और सुरक्षा मानकों के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने श्री श्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ जी मंदिर पहुंचकर वहां की तैयारियों की भी जानकारी ली। बताया गया कि मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करने के बाद हवन-यज्ञ में आहुति डालेंगे, भंडारे में शामिल होंगे और मंदिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर भगवा ध्वजारोहण भी किया जाएगा।

इस दौरान डीएसपी कमलदीप राणा, तहसीलदार विजय कुमार, बीडीपीओ तरुण सुथार, उझाना सरपंच सुनील मलिक सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फगवाड़ा के गुरुद्वारा श्री सुखचौन साहिब में की अरदास, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

फगवाड़ा (पंजाब)। गुरुद्वारा श्री सुखचौन साहिब में माथा टेककर अरदास की गई और प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा सभी परिवारों के उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर गुरु साहिब की पावन वाणी और शिक्षाओं को याद करते हुए कहा गया कि गुरुओं की शिक्षाएं हमें सेवा, विनम्रता, भाईचारे और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।



गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा और आस्था के साथ नतमस्तक होकर समाज एवं प्रदेश की उन्नति, शांति और कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब का आशीर्वाद सभी के जीवन में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।




## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियांक कानूनगो 27 जुलाई को अमृतसर में करेंगे मानवाधिकारों और योजनाओं की समीक्षा



अमृतसर। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य श्री प्रियांक कानूनगो 27 जुलाई, 2026 को अमृतसर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले में मानवाधिकारों की स्थिति और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

अपने दौरे के दौरान श्री कानूनगो सबसे पहले श्री हरमंदिर साहिब, श्री दुर्गाना मंदिर और श्री राम तीर्थ में दर्शन करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे राम तीर्थ में बैठक आयोजित की जाएगी।

इसके पश्चात दोपहर 12:45 बजे मकबूलपुरा और 1:30 बजे अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में बैठकों के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। शाम 3 बजे जिला प्रशासनिक परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी।

बैठक में जिले में मानवाधिकारों की स्थिति, केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचने, रोजगार एवं कौशल विकास, बाल अधिकार, मानव तस्करी रोकथाम, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के अधिकार, पंचायती राज संस्थाओं, खेल, युवा मामलों और सांस्कृतिक अधिकारों सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

इसके बाद एनएचआरसी की बैठक आयोजित होगी। श्री प्रियांक कानूनगो शाम 5:30 बजे पक्का बुहा चक, ग्राम फतेहपुर और शाम 7:30 बजे अमरिक सिंह नगर (लाहौरी गेट), अमृतसर में भी बैठकें करेंगे।

उपायुक्त अमृतसर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक आंकड़ों, अभिलेखों और प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठकों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि योजनाओं और मानवाधिकारों से जुड़े मामलों की प्रभावी समीक्षा की जा सके।

# 'भंडा भंडारिया' पुस्तक पंजाब की लोक विरासत को संजोने की महत्वपूर्ण पहल - कुलतार सिंह संधवां

जीत समाचार ब्यूरों बठिंडा। पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां और कैबिनेट मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बठिंडा में पंजाबी भाषा, लोक संस्कृति और लोक कथाओं को समर्पित पुस्तक 'भंडा भंडारिया' का औपचारिक विमोचन किया और इसे जनता को समर्पित किया।

इस अवसर पर दोनों नेताओं ने पुस्तक के लेखक साधु राम कुसला को बधाई देते हुए कहा कि पंजाब की समृद्ध लोक सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना आज के समय की बड़ी आवश्यकता है।

स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि पंजाब की पहचान उसकी भाषा, लोक गीतों, लोक कथाओं और परंपराओं से जुड़ी हुई है। ऐसी पुस्तकें हमारी पुरानी विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ युवाओं को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पंजाबी भाषा, लोक कला, लोक साहित्य और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए लगातार प्रयास कर रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियां पंजाब की गौरवशाली विरासत से परिचित रह सकें।

कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि 'भंडा भंडारिया' पंजाब की लोक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि लोक साहित्य हमारी पहचान और इतिहास का अहम हिस्सा है, जिसे पुस्तकों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सकता है।

कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकारों और संस्कृति प्रेमियों ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल पंजाबी साहित्य के खजाने को और अधिक समृद्ध बनाएंगी।

जिला प्रशासन ने भी इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए आश्वासन दिया कि पुस्तक को जिले के स्कूलों और पुस्तकालयों में उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि विद्यार्थी और पाठक पंजाब की लोक संस्कृति से जुड़ सकें।

इस अवसर पर बठिंडा (शहरी) विधायक जगरूप सिंह गिल, भुच्चो मंडी विधायक मास्टर जगसीर सिंह, नगर निगम महापौर पद्मजीत सिंह मेहता, पंजाब मध्यम उद्योग विकास बोर्ड के अध्यक्ष नील गर्ग, पूर्व विधायक हरदेव अर्शी सहित बड़ी संख्या में लेखक, शिक्षक, छात्र और सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

'भंडा भंडारिया' का विमोचन पंजाब की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान देने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# नगर निगम लुधियाना बधाई हो जोन सी -61 चालानों का ड्रामा, बिल्डिंग तैयार

## एटीपी जोन सी-इंस्पेक्टर दोनों चुप, पीसीएस अधिकारी बोले - कार्रवाई होगी

### शिकायतों और चालानों के बावजूद निर्माण जारी रहने से उठे सवाल, उच्च अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी के आरोप



जीत समाचार ब्यूरो लुधियाना । नगर निगम लुधियाना के जोन सी की बिल्डिंग ब्रांच एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ब्लॉक-21 स्थित एक कथित अवैध निर्माण को लेकर शिकायतकर्ता ने निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा, "कमिश्नर साहब, आपके कर्मचारियों को बधाई। बिल्डिंग तो तैयार करवा दी।" शिकायतकर्ता का आरोप है कि बार-बार शिकायतों और चालानों के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया और अब इमारत लगभग पूरी हो चुकी है।

**61 चालानों के बावजूद नहीं रुका निर्माण :** सूत्रों के मुताबिक, 15 फीट चौड़ी सड़क पर बन रही इस कथित अवैध बिल्डिंग को लेकर अब तक 61 चालान किए जा चुके हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि इस निर्माण का भी चालान किया गया होगा, लेकिन कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रही। आरोप है कि चालान तो काटे गए, लेकिन मौके पर निर्माण कार्य लगातार चलता रहा।

**शिकायत के बाद भी प्लास्टर तक पहुंचा काम :** शिकायतकर्ता का कहना है कि जब पहली बार इस निर्माण की शिकायत की गई थी, तब भवन का केवल ढांचा तैयार हो रहा था। इसके बावजूद समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। अब स्थिति यह है कि भवन का प्लास्टर तक पूरा हो चुका है। इससे नगर निगम की कार्रवाई और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

**कर्मचारियों से संपर्क नहीं हो सका :** मामले में पक्ष जानने के लिए संबंधित एटीपी जोन सीऔर बिल्डिंग इंस्पेक्टर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किया।


**पीसीएस अधिकारी ने दिए जांच के संकेत :** मामले पर बिल्डिंग ब्रांच के पीसीएस अधिकारी ने कहा कि इस निर्माण की शिकायत पहले भी प्राप्त हुई थी और संबंधित एटीपी जोन सीतथा बिल्डिंग इंस्पेक्टर को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा, इस बिल्डिंग की शिकायत पहले भी आई थी। एटीपी जोन सीऔर इंस्पेक्टर को कार्रवाई के लिए कहा गया था। अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। "मैं इसकी जांच करवाऊंगा। जो भी नियमानुसार कार्रवाई बनती होगी, वह की जाएगी। यदि कर्मचारियों ने आदेशों की पालना नहीं की है तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

**जीत समाचार का सवाल :** यदि वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश जारी होने के बाद भी कथित अवैध निर्माण पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आदेशों के पालन में देरी या कमी क्यों हुई? साथ ही, यदि किसी क्षेत्र में निर्माण नियमों के उल्लंघन के आरोप हैं, तो संबंधित मामलों में समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है।

अब देखना यह होगा कि घोषित जांच के बाद नगर निगम इस मामले में क्या कदम उठाता है और कथित अनियमितताओं पर क्या कार्रवाई की जाती है।




## करुणामूलक रोजगार नीति के तहत विभिन्न विभागों में 94 ग्रुप-सी कर्मचारियों को नियुक्ति प्रदान की



जीत समाचार शिमला। राज्य सरकार ने दिवंगत सरकारी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए निदेशालय भर्ती, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से जुलाई 2026 के दौरान करुणामूलक रोजगार नीति के तहत विभिन्न विभागों में 94 ग्रुप-सी कर्मचारियों को नियुक्ति प्रदान की है।

ये नियुक्तियां जल शक्ति, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, गृह तथा बागवानी विभागों में की गई हैं। हमने सभी विभागों को यह भी निर्देश दिए हैं कि वे करुणामूलक नियुक्ति के वास्तविक मामलों को प्राथमिकता के आधार पर भेजें, ताकि पात्र आश्रितों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

विभिन्न विभागों द्वारा पूर्व में विभिन्न कारणों से अस्वीकृत किए गए करुणामूलक नियुक्ति के मामलों की भी समीक्षा की जाएगी।

एकमुश्त विशेष पहल के तहत वास्तविक एवं पात्र अस्वीकृत मामलों की दोबारा जांच की जाएगी तथा नीति के प्रावधानों के अनुरूप, जहां आवश्यक होगा वहां उपयुक्त छूट प्रदान करने पर विचार किया जाएगा, ताकि पात्र परिवारों को राहत मिल सके।

## आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क अभियान तेज: मंझेड़ा जोन के इन प्रमुख गाँवों में संगठन मंत्री रवि गुलेरिया और प्रभात कोंडल ने किया जनसंपर्क



जीत समाचार

जयसिंहपुर (अभिषेक न्यूज एडिटर)। आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले मंझेड़ा जोन में जनसंपर्क अभियान तीव्र गति से जारी है। आगामी 4 अगस्त 2026 को जयसिंहपुर रेस्ट हाउस में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी नेताओं ने जमीनी स्तर पर मोर्चा संभाल लिया है और लगातार गाँवों का दौरा कर रहे हैं।

अभियान की मुख्य बातें एवं क्षेत्र : प्रमुख नेतृत्वः इस जनसंपर्क अभियान में विधानसभा संगठन मंत्री एवं मंझेड़ा जोन अध्यक्ष रवि गुलेरिया और राज्य सदस्य कमेटी एवं जिला संगठन मंत्री प्रभात कोंडल जी मुख्य रूप से शामिल रहे।

शामिल गाँव एवं पंचायतें: नेताओं ने मंझेड़ा जोन के तहत आने वाले द्रमन, जालग, रोपड़ी, कोसरी, कर्णघट उम्बर और सुभाष नगर गाँवों में घर-घर जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया।

मुख्य उद्देश्य : स्थानीय जनता की समस्याओं और मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

आगामी 4 अगस्त 2026 को जयसिंहपुर रेस्ट हाउस में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सपरिवार आमंत्रित किया गया।

जनता का मिला भरपूर समर्थन : जनसंपर्क के दौरान पार्टी नेताओं ने आम आदमी पार्टी की नीतियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा जनता के सामने रखी। द्रमन, जालग, रोपड़ी, कोसरी, कर्णघट और उम्बर सुभाष नगर गाँवों के स्थानीय लोगों ने आप नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और आगामी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का पूरा आश्वासन दिया।

विशेष संदेश: विधानसभा संगठन मंत्री एवं मंझेड़ा जोन अध्यक्ष रवि गुलेरिया और राज्य सदस्य कमेटी एवं जिला संगठन मंत्री प्रभात कोंडल जी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जयसिंहपुर के विकास और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से 4 अगस्त को जयसिंहपुर रेस्ट हाउस पहुँचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

## राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने किया अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का शुभारम्भ, संस्कृति संरक्षण और नशामुक्त हिमाचल का दिया संदेश

जीत समाचार ब्यूरों

चम्बा। हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का शुभारम्भ राज्यपाल श्री कविंद्र गुप्ता ने विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने मिंजर मेले को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

राज्यपाल ने कहा कि मिंजर मेला केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हिमाचल की सदियों पुरानी संस्कृति, परंपराओं और लोक जीवन को संजोए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, विरासत और भारतीय सभ्यता पर गर्व करें तथा इसके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने समाज में बढ़ती नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए नशामुक्त हिमाचल अभियान को मजबूत बनाने की अपील की। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर ही एक स्वस्थ और मजबूत समाज का निर्माण किया जा सकता है।



इस दौरान राज्यपाल ने चम्बा की प्रसिद्ध पारंपरिक धरोहरों चम्बा रूमाल, चम्बा चप्पल और चम्बा थाल की सराहना की। उन्होंने स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और कारीगरों के योगदान को हिमाचल की पहचान बताया।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और मिंजर ध्वजारोहण के साथ मेले का शुभारम्भ किया। समारोह में पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत कुंजड़ी मल्हार की मनमोहक प्रस्तुति से हुई।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला चम्बा की पहचान है, जहां देश-विदेश से लोग हिमाचली संस्कृति, लोक कला और परंपराओं का अनुभव करने पहुंचते हैं।

## कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों का सम्मान, उपायुक्त बोले- हर नागरिक है देश का सिपाही

जीत समाचार ब्यूरों

शिमला। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बचत भवन शिमला में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों को उनके अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्र सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के साहस, संकल्प और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और एकता की जिम्मेदारी केवल सेना की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की है। हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन कर देश का सिपाही बन सकता है।



उन्होंने नशे, विशेषकर चिट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने कहा कि कारगिल विजय दिवस सेना के त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और अदम्य साहस की अमर गाथा है।

कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शामिल वीर सैनिकों को शहल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं प्रस्तुत कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वीर सैनिकों ने अपने युद्ध अनुभव साझा कर युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

## पटियाला में 'इक शाम शिव दे नाम' धार्मिक उत्सव का निमंत्रण पत्र जारी, तैयारियों की समीक्षा



जीत समाचार ब्यूरों पटियाला। राजपुरा रोड स्थित आत्मा राम कुमार सभा मैदान में 28 जुलाई को शाम 6:30 बजे आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक कार्यक्रम ''इक शाम शिव दे नाम'' का निमंत्रण पत्र सर्किट हाउस में जारी किया गया।

पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह सहित आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से निमंत्रण पत्र जारी किया। इस अवसर पर पंजाब सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार दीपक बाली, आप महासचिव बलतेज सिंह पन्नू, सनातन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शर्मा, पटियाला शहरी विधायक अजीतपाल सिंह कोहली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि ''इक शाम शिव दे नाम'' केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भगवान शिव के प्रति आस्था, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का उत्सव होगा। उन्होंने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होंगे।

इस धार्मिक उत्सव में देश के प्रसिद्ध भजन गायक भगवान शिव की स्तुति प्रस्तुत करेंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, स्वच्छता, बिजली आपूर्ति, पेयजल, चिकित्सा सुविधाएं और अग्नि सुरक्षा सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अनुप्रिता जोहल, एसपी सिटी पलविंदर सिंह चीमा, एसडीएम सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

## 2 अगस्त को 'बारिश' रेस्टोरेंट में सजेगी सुरों की महफिल, कमल नैन लुधियानवी करेंगे लाइव परफॉर्मेंस



जीत समाचार लुधियाना। प्रसिद्ध गायक कमल नैन लुधियानवी 2 अगस्त को अपनी मधुर आवाज से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। महड़ल टाउन क्लब स्थित 'बारिश' रेस्टोरेंट में आयोजित होने वाली इस विशेष संगीत संध्या का शुभारंभ शाम 7 बजे होगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उनके प्रवक्ता रणवीर उपाध्याय ने बताया कि बरसात के मौसम की थीम पर आधारित इस संगीतमय शाम में कमल नैन लुधियानवी अपने लोकप्रिय गीतों, जैसे 'बरसात के मौसम में', 'तन्हाई के आलम में', 'मैं घर से निकल आया' सहित कई यादगार प्रस्तुतियां देंगे।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पंजाब मीडियम इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड के वाइस चेयरमैन शरणपाल सिंह मक्कड़ मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं, लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन सुरिंदर अग्रवाल तथा लुधियाना गुड्स कैरियर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जे.पी. अग्रवाल को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

आयोजकों के अनुसार, यह संगीतमय शाम संगीत प्रेमियों के लिए यादगार साबित होगी, जहां श्रोता मधुर गीतों के साथ बारिश के मौसम का आनंद ले सकेंगे।

## बाबा बालकनाथ मंदिर से लौट रही पंजाब की बस हादसे का शिकार, 2 श्रद्धालुओं की मौत





जीत समाचार ब्यूरों हमीरपुर। बाबा बालकनाथ मंदिर के दर्शन कर लौट रहे पंजाब के श्रद्धालुओं की बस सड़क पर पलट गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस दर्दनाक हादसे में २ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य श्रद्धालु घायल हुए हैं।

घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

दैनिक जीत समाचार दिवंगत श्रद्धालुओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

## कांगड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, उद्घोषित अपराधी अश्वनी कुमार गिरफ्तार



जीत समाचार (अभिषेक) पालमपुर। कांगड़ा पुलिस ने उद्घोषित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना पालमपुर पुलिस ने धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में माननीय न्यायालय द्वारा घोषित अपराधी अश्वनी कुमार निवासी भरमात, तहसील पालमपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी का नियमानुसार चिकित्सीय परीक्षण करवाने के बाद उसे आगामी कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

कांगड़ा पुलिस ने कहा कि कानून से बचने वाले और न्यायालय द्वारा घोषित अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई कर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है।



# रणबीर कपूर की 'रामायण' के लीक क्लिप्स ने बढ़ाया क्रेज, रावण बने यश का दमदार अवतार चर्चा में

मुंबई। रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज होने से पहले ही इसके कुछ कथित वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। इन क्लिप्स में राम के किरदार में रणबीर कपूर और रावण के रूप में यश की झलक देखने को मिल रही है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।

फिल्म का ट्रेलर 24 जुलाई को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जारी किया जाना था, लेकिन मेकर्स ने इसे स्थगित कर दिया। हालांकि, फिल्म की विशेष प्रस्तुति दिल्ली, मुंबई और सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2026 जैसे आयोजनों में दिखाई गई थी। माना जा रहा है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे क्लिप्स इन्हीं प्रस्तुतियों से जुड़े हैं।

वायरल वीडियो में यश का रावण वाला भव्य और प्रभावशाली लुक तथा रणबीर कपूर का राम अवतार दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। ट्रेलर के कथित फुटेज में साई पल्लवी सीता के रूप में, रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा के किरदार में और राम-सीता स्वयंवर का दृश्य भी दिखाई देता है।

हालांकि, फिल्म के निर्माताओं ने इन कथित लीक वीडियो पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर प्रशंसक लगातार मांग कर रहे हैं कि बार-बार फुटेज



लीक होने के बाद अब फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर जल्द जारी किया जाए।

फिलहाल दर्शकों को मेकर्स द्वारा नई ट्रेलर रिलीज तारीख की आधिकारिक घोषणा का इंतजार थें।

# सनी देओल की 'बंटवारा 1947' का ट्रेलर 28 जुलाई को होगा लॉन्च, जयपुर के राज मंदिर थिएटर में सजेगा ग्रैंड इवेंट




मुंबई। अभिनेता सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बंटवारा 1947' का ट्रेलर 28 जुलाई को राजस्थान के जयपुर स्थित प्रतिष्ठित राज मंदिर थिएटर में भव्य समारोह के दौरान लॉन्च किया जाएगा। फिल्म की रिलीज में अब तीन सप्ताह से भी कम समय बचा है, ऐसे में निर्माता इसके प्रचार अभियान को तेज करने की तैयारी में हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, जयपुर में आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में सनी देओल, निर्देशक राजकुमार संतोषी, मीडिया और बड़ी संख्या में प्रशंसक मौजूद रहेंगे। इसके अगले दिन 29 जुलाई को मुंबई में भी एक भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिल्म की टीम के साथ निर्माता आमिर खान के शामिल होने की भी संभावना है।

फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल के अलावा प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, अली फजल, करण देओल और अभिमन्यु सिंह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस ने किया है और यह 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बताया जा रहा है कि जयपुर का राज मंदिर थिएटर सनी देओल के लिए खास महत्व रखता है। इससे पहले वे 'गदर २' और 'जाट' के प्रमोशन के लिए भी यहां पहुंचे थे। इन फिल्मों की सफलता के बाद प्रशंसकों के बीच इस थिएटर को अभिनेता का 'लकी चार्म' भी माना जाने लगा है।यह फिल्म प्रसिद्ध लेखक सैयद असगर वजाहत के चर्चित नाटक श्जिस लाहौर नइ देख्याश पर आधारित है। इसकी कहानी भारत-पाकिस्तान विभाजन की पृष्ठभूमि में एक मुस्लिम परिवार और अपनी पुश्तैनी हवेली छोड़ने से इनकार करने वाली एक हिंदू बुजुर्ग महिला के बीच बने मानवीय रिश्तों को संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत करती है।